INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VIII	**Department: Hindi (2nd Lang.)**	**Date of submission:**
Worksheet-6	**Topic: अर्थ ग्रहण**	**Note: Please file in portfolio.**

गद्यांश- 1

अपठित गद्यांश के आधार पर निम्न प्रश्नो के उत्तर दीजिए :-

बढ़ती जनसंख्या ने अनेक प्रकार की समस्याओं को जन्म दिया है- रोटी, कपड़ा, मकान की कमी, बेरोजगारी, निरक्षता, कृषि एवं उद्योगों के उत्पादनों में कमी आदि। हम जितना अधिक उन्नति करते हैं या विकास करते हैं,जनसंख्या उसके अनुपात में कहीं अधिक बढ़ जाती है। बढ़ती जनसंख्या के कारण सभी सरकारी प्रयास असफल दिखाई देते हैं। कृषि उत्पादन और औद्योगिक विकास बढ़ती जनसंख्या के सामने नगण्य सिद्ध हो रहे हैं। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण की अति आवश्यकता है। इसके बिना विकास के लिए किए गए सभी प्रकार के प्रयत्न अधूरे रह जाएँगे।

(क) बढ़ती जनसंख्या ने किसे जन्म दिया है?

(i) दुर्गुणों को

(ii) अनेक प्रकार की समस्याओं को

(iii) दुर्भावनाओं को

(iv) अनेक प्रकार की विपदाओं को।

(ख) विकास कार्य क्यों नहीं दिखाई देते?

(i) राजनीतिक अक्षमता के कारण

(ii) समस्याओं के कारण

(iii) भ्रष्टाचार के कारण

(iv) जनसंख्या की वृद्धि के कारण

(ग) बढ़ती जनसंख्या ने इनमें से किस समस्या को जन्म नहीं दिया है?

(i) रोटी-कपड़े की समस्या

(ii) बेरोजगारी की समस्या

(iii) निरक्षरता की समस्या
(iv) दहेज की समस्या

(घ) बढ़ती जनसंख्या के कारण **कौन से प्रयास असफल दिखाई देते हैं?**
(i) सभी सरकारी प्रयास
(ii) सभी मानवीय प्रयास
(iii) सभी गैर-सरकारी प्रयास
(iv) सभी सामाजिक प्रयास

(ङ) "सफल" शब्द का सही विलोम है
(i) बहुत
(ii) थोड़ा
(iii) असफल
(iv) अपर्याप्त

गद्यांश- 2

सदाचारी व्यक्ति अपने काम से बड़े बनते हैं। दुराचारी व्यक्ति दूसरों के काम में बाधाएँ उत्पन्न करके बड़प्पन बटोरना चाहते हैं, लेकिन एक न एक दिन उनकी कलई खुल जाती है। उनके अनुचित कार्य उनको कहीं का नहीं छोड़ते। इतना होने पर भी वे बेशर्म होकर अच्छे लोगों की बुराई करने में अपना समय बर्बाद करते रहते हैं। किसी की प्रशंसा सुनना उनके कानों को अच्छा नहीं लगता। इतने ही परिश्रम से यदि वे अच्छे कार्य करें, तो वे भी अच्छे आदमी बन सकते हैं, सम्मान पा सकते हैं। परंतु वे अपनी आदत से मजबूर हैं, उनके मन की कुटिलता उन्हें अच्छे काम करने से रोकती है। सदाचारी व्यक्ति अच्छे काम करके चैन की नींद सोता है और सुखी रहता है। दुराचारी व्यक्ति बुरे काम करके अपना सुख-चैन नष्ट करता है, अपने मन को बीमार करता है। मन की बीमारी कुछ दिनों में शरीर की भी बीमारी बन जाती है।

(क) दुराचारी व्यक्ति किस प्रकार बड़प्पन बटोरना चाहते हैं? (सही विकल्प छाँटिए।)
i अच्छे काम कर के
ii दूसरों की प्रशंसा करके
iii दूसरों के काम में बाधाएँ उत्पन्न करके
iv दूसरों के काम में सहयोग करके

(ख) दुराचारी व्यक्तियों के कानों को क्या अच्छा नहीं लगता?

i बुरा काम करना

ii किसी की प्रशंसा सुनना

iii संगीत सुनना

iv किसी के घर जाना

(ग) दुराचारी व्यक्ति अच्छे काम क्यों नहीं कर सकते?

i मन की कुटिलता उन्हें अच्छे काम करने से रोकती है।

ii उन्हें लोग कुछ करने नहीं देते हैं।

iii वे किसी का साथ नहीं देते हैं।

iv वे सबको सम्मान देते हैं।

(घ) मन की बीमारी कुछ दिनों में किसकी बीमारी बन जाती है?

i समाज की

ii परिवार की

iii राज्य की

iv शरीर की

(ङ) "कलई खुलना' मुहावरे का अर्थ है

i कलई उतरना

ii असलियत का पता चलना

iii भेद प्रकट न करना

iv चमकना